प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 05.04.2025

मुख्य समाचारः—

- दंतेवाड़ा में आयोजित बस्तर पंडुम के समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले साल से इस आयोजन में देश के सभी आदिवासी जिलों के कलाकार होंगे शामिल।

- केंद्रीय गृहमंत्री इस समय रायपुर में विभागीय बैठक लेकर नक्सल विरोधी अभियानों और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

- प्रदेश में आठ अप्रैल से ''सुशासन तिहार'' का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा।

- महाअष्टमी पर आज शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में पूजा और अनुष्ठान के कार्यक्रम किए जा रहे हैं—कल मनाई जाएगी रामनवमी।

केंद्रीय गृहमंत्री—छत्तीसगढ़—01
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों से अपील की है कि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। आज दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने इस संकल्प को दोहराया कि अगले चैत्र नवरात्र तक छत्तीसगढ़ से लाल आतंक समाप्त हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला और शिल्प को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए आयोजित किए गए बस्तर पंडुम की सराहना करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की कि अगले वर्ष बस्तर पंडुम में देश के हर आदिवासी जिले के कलाकार शामिल होंगे।

बस्तर पंडुम यानि बस्तर उत्सव का आयोजन बस्तर की समृद्ध जनजातीय कला और संस्कृति को पुनर्जीवित करने और इसे देश—विदेश के सामने लाने के लिए किया गया। बारह मार्च से आज पांच अप्रैल तक चले इस आयोजन के दौरान ब्लॉक, जिला और फिर संभाग स्तर पर जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, शिल्प, चित्रकला, पेय पदार्थ और व्यंजन की श्रेणी में प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इस बस्तर पंडुम में अट्ठारह सौ से अधिक ग्राम पंचायतों के करीब सैंतालीस हजार कलाकारों ने भाग लिया।

केंद्रीय गृहमंत्री—छत्तीसगढ़—02
समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर अब बदल रहा है और अब यह बदलाव स्थायी होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बस्तर के लोग अब नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं।

समारोह को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर पंडुम के तहत आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बस्तर पंडुम के अवसर पर आयोजित जनजातीय कला और संस्कृति को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर जनजातीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्यों और वाद्ययंत्रों का प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने विभिन्न सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद किया और उनके साथ भोजन भी ग्रहण किया।

इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और सुरक्षा की कामना की।

केंद्रीय गृह मंत्री–बैठक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज शाम राजधानी रायपुर में विभागीय समीक्षा बैठक लेकर वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में श्री शाह ने प्रदेश में चलाए जा रहे माओवाद विरोधी अभियान और विकास कार्यों की जानकारी ली। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम सहित राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

सुशासन तिहार

प्रदेश में आठ अप्रैल से ''सुशासन तिहार'' का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। इस तिहार के दौरान पहले चरण में आठ से ग्यारह अप्रैल तक लोगों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। वहीं, दूसरे चरण में एक महीने के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में पांच मई से इकतीस मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को इस आयोजन के संबंध में निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा है कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आठ से ग्यारह अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लिखकर उसमें डाल सकें। समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था पोर्टल में भी रहेगी। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। साथ ही आवेदनकर्ता को पावती दी जाएगी।

समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, सांसद, विधायक और राज्य शासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण के साथ ही योजनाओं से लोगों को मिल रहे लाभ के बारे में फीडबैक लिया जाएगा। जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी।

आईईडी विस्फोट–ग्रामीण मौत

नारायणपुर जिले में आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कानागांव निवासी ये दोनों ग्रामीण फूलझाडू बनाने के लिए झाड़ी लेने जंगल में गए थे। इसी दौरान जड्डा और मरकुड गांव के बीच आईईडी विस्फोट हो गया और दोनों ग्रामीण इसकी चपेट में आ गए। इस घटना में घायल ग्रामीण का इलाज नारायणपुर के अस्पताल में चल रहा है।

दुर्घटना

दंतेवाड़ा जिले के पालनार गांव के पास आज एक चारपहिया वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार करीब चालीस लोग घायल हो गए हैं। इनमें से सत्रह लोगों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें जगदलपुर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज दंतेवाड़ा के अस्पताल में चल रहा है। ये सभी लोग बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दंतेवाड़ा जा रहे थे।

अष्टमी/रामनवमीं

आज चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी है। आज के दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जाती है। राजधानी रायपुर सहित राज्य की सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में नवरात्रि के मौके

पर पूजा और अनुष्ठान के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आज सुबह से ही शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। जगह–जगह हवन, पूजन और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, कल रामनवमीं है। इस मौके पर ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन किया जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्गाष्टमी और महानवमी की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

खनिज राजस्व

छत्तीसगढ़ ने इस साल खनिज राजस्व प्राप्ति में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में संचालित खनन संक्रियाओं से चौदह हजार एक सौ पंचानवे करोड़ रुपये का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल की तुलना में ग्यारह प्रतिशत अधिक है।

मौसम

आगामी दो दिनों के दौरान प्रदेश के तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, इसके बाद आठ अप्रैल से दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नौ से ग्यारह अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के मध्य भाग में भी बारिश होने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

- राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अंतर्गत गठित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष के रूप में शशांक शर्मा की नियुक्ति की है।

- कोंडागांव जिले में गुमास्ता लाइसेंस पंजीयन के नाम पर पांच हजार रूपये की रिश्वत मांगने के मामले में जिला प्रशासन ने दो संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के साथ ही श्रम उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया है।

- छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंधक नियमितीकरण की मांग को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।